Haryana Vidhan Sabha Secretariat
LIBRARY
Chandigarh

# हरियाणा विधान सभा
# की
# कार्यवाही

03 नवम्बर, 2014

खण्ड-1, अंक-1

अधिकृत विवरण

## विषय सूची

सोमवार, 03 नवम्बर, 2014


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| घोषणा | (1) 1 |
| प्रधान सचिव द्वारा | |
| सदस्यों द्वारा शपथ/प्रतिज्ञान | (1) 1 |
| अध्यक्ष का चुनाव | (1) 6 |
| बधाई भाषण | (1) 7 |
| उपाध्यक्ष के चुनाव सम्बन्धी घोषणा | (1) 21 |


मूल्य : 103

## हरियाणा विधान सभा

सोमवार, 03 नवम्बर, 2014

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में 2:00 बजे हुई। कार्यकारी अध्यक्ष (डॉ. रघुवीर सिंह कादियान) ने मध्यान पश्चात् 2:00 बजे से 3:50 बजे तक तथा तत्पश्चात् अध्यक्ष (श्री कंवरपाल गुर्जर) ने अध्यक्षता की

### घोषणा

### प्रधान सचिव द्वारा

**Principal Secretary :** I have to inform the House that the Governor of Haryana in exercise of the powers vested in him by Article 180 (1) of the Constitution of India, has appointed Dr. Raghuvir Singh Kadian, M.L.A., as Acting Speaker of the Haryana Vidhan Sabha.

I have also to inform the House that the Governor of Haryana in exercise of the powers conferred on him by Article 188 of the Constitution of India, has appointed the Acting Speaker Haryana Legislative Assembly to be the person before whom every member of the Haryana Legislative Assembly shall, before taking his/her seat, make and subscribe oath/affirmation.

### सदस्यों द्वारा शपथ/प्रतिज्ञान

**Mr. Acting Speaker :** Hon'ble Members, at the out-set, I congratulate all of you from the core of my heart on being elected as Members of the Haryana Vidhan Sabha and also heartily welcome all of you here in this august House. Now, Hon'ble Members will be sworn in. The name of Members will be called by the Principal Secretary for the purpose of making and subscribing oath or affirmation. The oath or affirmation will be made and subscribed by the Hon'ble Members in the following orders :—

1. Chief Minister;
2. Ministers;
3. Lady Members; and
4. Other Hon'ble Members district-wise alphabetically in alphabetical order i.e.
   - (a) Ambala District
   - (b) Bhiwani District
   - (c) Faridabad District
   - (d) Fatehabad District
   - (e) Gurgaon District

[Mr. Acting Speaker]

(f) Hisar District

(g) Jhajjar District

(h) Jind District

(i) Kaithal District

(j) Karnal District

(k) Kurukshetra District

(l) Mahendergarh District

(m) Mewat District

(n) Palwal District

(o) Panchkula District

(p) Panipat District

(q) Rewari District

(r) Rohtak District

(s) Sirsa District

(t) Sonipat District

(u) Yamuna Nagar District

The name of the Members who are not able to take the oath or make the affirmation at the first call, will be called again at the end. Now, the Principal Secretary will call the Members one by one. I call upon the Members to make and subscribe the oath or affirmation in the order I have already announced.

The following members were then sworn in :-

**CHIEF MINISTER**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Shri Manohar Lal | Karnal |

**MINISTERS**

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Shri Ram Bilas Sharma | Mahendergarh |
| 3. | Captain Abhimanyu | Narnaund |
| 4. | Shri Om Parkash Dhankar | Badli |
| 5 | Shri Anil vij | Ambala Cantt. |
| 6. | Shri Narbir Singh | Badshahpur |
| 7. | Smt. Kavita Jain | Sonipat |

**STATE MINISTERS**

| | | |
|---|---|---|
| 8. | Shri Bikram Singh Thekedar | Kosli |
| 9. | Shri Krishan Kumar | Shahbad (SC) |
| 10. | Shri Karan Dev Kamboj | Indri |

**LADY MEMBERS**

| | | |
|---|---|---|
| 11. | Smt. Bimla Chaudhary | Pataudi (SC) |
| 12. | Smt. Geeta Bhukkal | Jhajjar (SC) |
| 13. | Smt. Kiran Choudhry | Tosham |
| 14. | Smt. Latika Sharma | Kalka |
| 15. | Smt. Nalna Singh Chautala | Dabwali |
| 16. | Smt. Prem Lata | Uchana Khan |
| 17. | Smt. Renuka Bishnoi | Hansi |
| 18. | Smt. Rohita Rewri | Panipat City |
| 19. | Smt. Santosh Chauhan Sarwan | Mullana(SC) |
| 20. | Smt. Santosh Yadav | Ateli |
| 21. | Smt. Shakuntala Khatak | Kalanaur (SC) |
| 22. | Smt. Seema Trikha | Badkkhal |

**Ambala District**

| | | |
|---|---|---|
| 23. | Shri Aseem Goel | Ambala City |
| 24. | Shri Nayab Singh | Naraingarh |

**Bhiwani District**

| | | |
|---|---|---|
| 25. | Shri Bishamber Singh | Bawani Khera (SC) |
| 26. | Shri Ghanshyam Saraf | Bhiwani |
| 27. | Shri Om Parkash Barwa | Loharu |
| 28. | Shri Rajdeep | Dadri |
| 29. | Shri Sukhvinder | Badhra |

**Faridabad District**

| | | |
|---|---|---|
| 30. | Shri Lalit Nagar | Tigaon |
| 31. | Shri Mool Chand Sharma | Ballabgarh |
| 32. | Shri Nagender Bhadana | Faridabad NIT |
| 33. | Shri Tek Chand Sharma | Prithla |
| 34. | Shri Vipul Goel | Faridabad |

[Mr. Acting Speaker]

**Fatehabad District**

| | | |
|---|---|---|
| 35. | Shri Balwan Singh Daultpuria | Fatehabad |
| 36. | Prof. Ravinder Baliala | Ratia (SC) |
| 37. | Shri Subhash Barala | Tohana |

**Gurgaon District**

| | | |
|---|---|---|
| 38. | Shri Tejpal Tawar | Sohna |
| 39. | Shri Umesh Aggarwal | Gurgaon |

**Hisar District**

| | | |
|---|---|---|
| 40. | Shri Anoop Dhanak | Uklana (SC) |
| 41. | Dr. Kamal Gupta | Hisar |
| 42. | Shri Kuldeep Bishnoi | Adampur |
| 43. | Shri Ranbir Gangwa | Nalwa |
| 44. | Shri Ved Narang | Barwala |

**Jhajjar District**

| | | |
|---|---|---|
| 45. | Shri Naresh Kaushik | Bahadurgarh |

**Jind District**

| | | |
|---|---|---|
| 46. | Dr. Hari Chand Middha | Jind |
| 47. | Shri Jasbir Deswal | Safidon |
| 48. | Shri Parminder Singh Dhull | Julana |
| 49. | Shri Pirthi Singh | Narwana(SC) |

**Kaithal District**

| | | |
|---|---|---|
| 50. | Shri Dinesh Kaushik | Pundri |
| 51. | Bhai Jai Parkash (J.P.) | Kalayat |
| 52. | Shri Kulwant Ram Bazigar | Guhla (SC) |

**Karnal District**

| | | |
|---|---|---|
| 53. | Shri Bakhshish Singh Virk | Assandh |
| 54. | Shri Bhagwan Dass Kabir Panthi | Nilokheri(SC) |
| 55. | Shri Harvinder Kalyan | Gharaunda |

**Kurukshetra District**

| | | |
|---|---|---|
| 56. | Shri Jaswinder Singh Sandhu | Pehowa |
| 57. | Dr. Pawan Saini | Ladwa |
| 58. | Shri Subhash Sudha | Thanesar |

**Mahendergarh District**

| | | |
|---|---|---|
| 59. | Shri Abhe Singh Yadav | Nangal Chaudhary |
| | **(He was Sworn-in in the last)** | |
| 60. | Shri Om Prakash | Narnaul |

**Mewat District**

| | | |
|---|---|---|
| 61. | Shri Naseem Ahmed | Ferozepur Zhirka |
| 62. | Shri Rahish Khan | Punhana |
| 63. | Shri Zakir Hussain | Nuh |

**Palwal District**

| | | |
|---|---|---|
| 64. | Shri Karan Singh Dalal | Palwal |
| 65. | Shri Kehar Singh | Hathin |
| 66. | Shri Udai Bhan | Hodal (SC) |

**Panchkula District**

| | | |
|---|---|---|
| 67. | Shri Gian Chand Gupta | Panchkula |

**Panipat District**

| | | |
|---|---|---|
| 68. | Shri Krishan Lal Panwar | Israna(SC) |
| 69. | Shri Mahipal Dhanda | Panipat Rural |
| 70. | Shri Ravinder Machhrouli | Samalkha |

**Rewari District**

| | | |
|---|---|---|
| 71. | Dr. Banwari Lal | Bawal (SC) |
| 72. | Shri Randhir Singh Kapriwas | Rewari |

**Rohtak District**

| | | |
|---|---|---|
| 73. | Shri Anand Singh Dangi | Meham |
| 74. | Shri Bhupinder Singh Hooda | Garhi Sampla Kiloi |
| 75. | Shri Manish Kumar Grover | Rohtak |

**Sirsa District**

| | | |
|---|---|---|
| 76. | Shri Abhay Singh Chautala | Ellenabad |
| 77. | Shri Balkaur Singh | Kalanwali (SC) |
| 78. | Shri Makhan Lal Singla | Sirsa |
| 79. | Shri Ram Chand Kamboj | Rania |

[Mr. Acting Speaker]

**Sonipat District**

| | | |
|---|---|---|
| 80. | Shri Jaiveer Singh | Kharkhoda (SC) |
| 81. | Shri Jai Tirath | Rai |
| 82. | Shri Kuldip Sharma | Gannaur |
| 83. | Shri Sri Krishan | Baroda |

**Yamunanagar District**

| | | |
|---|---|---|
| 84. | Shri Balwant Singh | Sadhaura (SC) |
| 85. | Shri Ghanshyam Dass | Yamuna Nagar |
| 86. | Shri Kanwar Pal | Jagadhari |
| 87. | Shri Shyam Singh | Radaur |

**अध्यक्ष का चुनाव**

**Mr. Acting Speaker :** Honble Members, now we proceed with the next item i.e. the election of the Speaker. Now, a Member will move a motion.

**शिक्षा मंत्री (श्री राम बिलास शर्मा) :** कार्यकारी अध्यक्ष महोदय मैं सादर प्रस्ताव करता हूं-

> कि हरियाणा विधान सभा के सदस्य श्री कंवर पाल, जो सदन में उपस्थित हैं, सभा के अध्यक्ष के रूप में पीठासीन हों ।

**वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु) :** कार्यकारी अध्यक्ष महोदय, माननीय शिक्षा मंत्री श्री राम बिलास शर्मा जी ने श्री कंवर पाल जी के नाम का प्रस्ताव इस महान सदन के अध्यक्ष पद के लिए रखा है, मैं उसका भारतीय जनता पार्टी की तरफ से अनुमोदन करता हूं।

**Mr. Acting Speaker :** Motion moved-

> That Shri Kanwar Pal, a Member of the Haryana Legislative Assembly, who is present in the House, do take the Chair as Speaker of the Assembly.

Is there any other proposal ?

**Voices :** No.

**Mr. Acting Speaker :** Since there is no other proposal, I declare that Shri Kanwar Pal duly elected as Speaker unanimously, (Thumping) I request him to take the Chair.

> (At this stage, Shri Kanwar Pal escorted by the Chief Minister Shri Manohar Lal, Education Minister Shri Ram Bilas Sharma, Finance Minister Captain Abhimanyu, Shri Abhay Singh Chautala, Shri Bhupinder Singh Hooda and many other Members from the Treasury Benches and opposition Benches, occupied the Chair.)

## बधाई भाषण

**मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल)** : मैं अपनी तरफ से और पूरे सदन की तरफ से आज अपने सर्वसम्मति से नव निर्वाचित माननीय अध्यक्ष महोदय का बहुत-बहुत स्वागत करता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय, आप विधायक के तौर पर बहुत ही अनुभवी हैं। आप पहली दफा 2000 में इस महान् सदन के सदस्य चुने गये और अब दूसरी बार विधायक बने हैं। माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बहुत वर्षों से जानता हूं। आप बहुत ही मृदुभाषी हैं और हमेशा असरदार बात करते हैं। मैं जब भी कभी आपसे किसी समस्या के समाधान की बात करता था तो आप बिना किसी भेदभाव और उलझन के स्टीक निर्णय देते थे। यही वजह है कि आज पूरे सदन ने इन सब बातों को ध्यान में रखकर माननीय कंवरपाल जी का अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया है। इसके लिए मैं पुन: अध्यक्ष महोदय का बहुत-बहुत स्वागत करता हूं। (इस समय मेजें थप-थपाई गई।) माननीय अध्यक्ष महोदय, इस महान सदन की गरिमा हम सबके ध्यान में है और मैं कहना चाहूंगा कि सदन की गरिमा का ध्यान रखने का दायित्व केवल अध्यक्ष महोदय का ही नहीं है बल्कि सदन के सभी सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों का भी है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह भी अनुरोध करूंगा कि हमारे इस महान सदन में इस बार आधे से अधिक सदस्य पहली बार चुनकर आये हैं जिनमें से मैं भी एक हूं। कुल मिलाकर मैं यह कहना चाहूंगा कि भले ही ये सदस्य पहली बार चुनकर आये हो तो भी उन सभी सदस्यों को बोलने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए और जहां तक मैं अनुमान लगा रहा हूं कि पहली बार हमारे इस सदन में महिला सदस्यों की संख्या 13 है जो पहले से अधिक है। मैं यह चाहूंगा कि इस सदन की महिला सदस्यों को भी अपनी-अपनी बात कहने का पूरा मौका मिलना चाहिए। हमारे इस सदन में सबसे कम आयु के माननीय विधायक श्री सुखविन्द्र सिंह जी हैं। कम आयु होने के बावजूद भी वे इस सदन के विधायक बने हैं मैं पूरे सदन की तरफ से उनका स्वागत करता हूं और इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि ऐसे सदस्यों को भी बोलने का पूरा मौका मिलना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं एक निवेदन यह भी करना चाहूंगा कि वर्ष 2010 तक जितने भी सर्वे या रिसर्च हुए हैं उनमें यह बात सामने आई है कि हमारी विधान सभा की सिटिंग्स बहुत कम हुई हैं। अगर सदन की बैठकों का ऐवरेज निकाला जाये तो वे 10 सिटिंग्स प्रति वर्ष की आ रही हैं। इसके अलावा देश के दूसरे राज्यों के सदनों की बैठकों का एवरेज 31, 32, 35, और 40 बैठकें प्रति वर्ष तक की भी रही हैं। इस संबंध में मेरा निवेदन यह रहेगा कि प्रदेश के हित में हमें सभी बातों को अधिक से अधिक विचार-विमर्श करके अपने विधायी कार्यों को करें और अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाकर अपने प्रदेश की जनता की ज्यादा से ज्यादा सेवा करनी है इसलिए इस सदन की बैठकों की संख्या अधिक से अधिक की जाये। मैं एक बार फिर से पूरे सदन की तरफ से आपसे यह निवेदन करना चाहूंगा कि आप सदन की बैठकों की संख्या अधिक से अधिक निर्धारित करें। इसके साथ-साथ सभी माननीय सदस्यों का भी मैं अभिनंदन करता हूं। इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहूंगा कि सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सभी सदस्य इस महान सदन में अपने गरिमापूर्ण व्यवहार से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। इसके अलावा मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि सत्ता पक्ष के नेता का चुनाव भी सम्पन्न हो गया, माननीय अध्यक्ष महोदय का चुनाव भी हो गया है और हमें प्रैस के माध्यम से यह भी पता चला है कि इस सदन के मुख्य विपक्षी दल के नेता का चुनाव भी हो चुका है। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि कांग्रेस पार्टी भी अपने सदन के नेता का चुनाव

[श्री मनोहर लाल]

कर ले ताकि इस सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए हमें उनका भी सहयोग प्राप्त हो सके। अंत में आप सभी माननीय सदस्यों ने मिलकर सर्वसम्मति से माननीय अध्यक्ष का चुनाव किया है इसके लिए मैं आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

**श्री अभय सिंह चौटाला (ऐलनाबाद)** : मैं अपनी तरफ से व अपनी पार्टी की तरफ से इस सदन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कंवर पाल जी को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं देता हूं। वे हमारे साथ वर्ष 2000-2005 तक इसी विधान सभा के सदस्य रहे थे। उस दौरान भी इनका जो कामकाज था और इनकी सदन के संचालन में जो भूमिका थी, वह बहुत ही महत्वपूर्ण थी। इन्होंने अपने वर्ष 2000-2005 तक के कार्यकाल में अपनी भूमिका को निभाने का काम बहुत ही अच्छे ढंग से किया था इसलिए अब भी हम यह उम्मीद करते हैं कि ये अपनी नई जिम्मेदारी को पूर्ण कार्यकुशलता के साथ निभायेंगे। एक बात मैं यह कहना चाहूंगा कि जैसा कि सदन के नेता ने भी कहा है कि हमारे सदन की बैठकें देश के बाकी सदनों की अपेक्षा बहुत कम रही हैं। यह वर्ष 2000 से 2010 तक की बात नहीं मेरे ख्याल से जब से हरियाणा प्रदेश बना तब से लेकर पिछले सदन तक की अगर एवरेज निकाली जाये तो यह और भी बहुत कम हो जायेगी। जिस प्रकार से सदन के नेता ने भी बताया कि इस बार नये सदस्य ज्यादा चुनकर आये हैं। इसलिए अध्यक्ष महोदय से मेरा यह अनुरोध है कि नये लोगों को बोलने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय दिया जाये ताकि वे अपने हल्के की बात विधान सभा में अच्छे ढंग से रख सकें। एक बात मैं खास तौर पर यह कहना चाहूंगा कि अभी भी इस बार सैशन का समय महज़ 3 दिन का रखा गया है। आज का दिन तो शपथ ग्रहण और आपके चुनाव में ही चला गया। इसके बाद कल महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण होगा। इस प्रकार से महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए हमें कुल मिलाकर एक दिन ही मिल पायेगा। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि क्यों न इस बार ही सैशन की अवधि को और बढ़ा लिया जाये ताकि नये सदस्यों को बोलने का पर्याप्त मौका मिल सके। हमने इस सदन में पिछले 10 साल किस किस्म के गुजारे हैं यह आप सोच भी नहीं सकते। जब आप इस सदन की पिछली सरकार की कार्यवाही निकाल कर देखेंगे तब ही उस बात का अंदाजा लगाया जा सकेगा कि इस हाउस को किस ढंग से चलाया जाता था। केवल हम ही नहीं बल्कि आपकी पार्टी के नेता भी उसके भुक्तभोगी रहे हैं। इसलिए हम आपसे आग्रह करते हैं कि सदन का समय बढ़ाया जाये ताकि सबको अपनी बात कहने का मौका मिल सके। मैं एक बार फिर अपनी तथा अपनी पार्टी की तरफ से आपका अध्यक्ष के पद पर स्वागत करता हूं, अभिनन्दन करता हूँ और आपको बधाई देता हूँ। धन्यवाद।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा (गढ़ी-सांपला-किलोई)** : अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं अपनी तथा अपने दल की तरफ से आपको अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं कि आपने इस अध्यक्ष के पद को सुशोभित किया है जो कि एक गरिमा का पद है और सदन की गरिमा को बनाये रखने का सबसे अधिक भार आपके कंधों पर है। हर सदस्य के हितों को सुरक्षा प्रदान करना, हर सदस्य को सदन में बोलने का समय देना और उनके द्वारा उठाये गये मुद्दों पर उचित कार्यवाही करने की जिम्मेदारी आपकी ही है। जैसा कि सदन के नेता ने कहा कि हरियाणा विधान सभा के सत्र की अवधि कम होती है तो यह बात ठीक है कि सदन की अवधि कम रही है। हमने भी हाउस की बैठकें बढ़ाने की कोशिश की थी। हमारे से पहले प्रदेश में ऐसे दल की

सरकार रही है जिसकी प्रथा एक-एक दिन का भी सत्र बुलाने की रही है। अगर सदन के नेता चाहेंगे तो उस प्रथा को हटा कर नई कन्वैन्शन कायम करने के लिए हमारी पार्टी का पूरा सहयोग मिलेगा ताकि संबको अपनी बात कहने का मौका मिले और एक कंस्ट्रक्टिव चर्चा हो। यहां पर जो डिबेट हो, जो चर्चा हो वह कंस्ट्राक्टिव हो, एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप व नुक्ताचीनी न करें। हमारी पार्टी के सहयोग की जहां भी जरुरत होगी मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी सदन की गरिमा को बनाये रखेगी। आपस में बैठ कर, आपस में बात करके सदन की गरिमा बनाये रखी जा सकती है। कई बार हाउस का माहौल बहुत गम्भीर हो जाता है तो उस समय हंस कर माहौल को ठीक किया जा सकता है। अगर कोई सदस्य हंसी की बात कहता है तो सदन की गम्भीरता से बाहर निकला जा सकता है। मैं लोकसभा का जिक्र करना चाहता हूं। मैं एक बार लोकसभा की डिबेट पढ़ रहा था। श्री जे.बी.कृपलानी विपक्ष के सांसद थे और श्रीमती सुचेता कृपलानी मंत्री थी तथा पंडित जवाहर लाल नेहरु प्रधान मंत्री थे। श्री जे.बी. कृपलानी जी ने श्रीमती सुचेता कृपलानी जी से एक प्रश्न किया और श्रीमती सुचेता कृपलानी उनके प्रश्न का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई तो श्री जे.बी. कृपलानी ने स्पीकर साहब से प्रोटक्शन मांगी। उन्होंने कहा कि Speaker Sir, I need your protection. स्पीकर साहब ने कहा कि what happened Mr. Kriplani? Where do you need my protection about this question? He said about his wife that this woman troubles this House and that House also. Entire House was laughing. We should create such an atmosphere so that in real term we can contribute to the poorest of poor and in fact to the entire Haryana people. हमारे जो साथी चुन कर आये हैं और लोगों ने उनमें जो विश्वास जताया है, वे अपने क्षेत्र के मुद्दे यहां पर रख सकें तथा अपने क्षेत्र की सेवा कर सकें, यहां पर ऐसा वातावरण बनाने की जरूरत है। मुझे पूरा भरोसा है कि ऐसा वातावरण बनेगा। अध्यक्ष महोदय, मुझे भी आपके साथ काम करने का मौका मिला था। वर्ष 2000-2005 के बीच आप इस विधान सभा के सदस्य थे। आप किसी दूसरे दल के सहयोगी दल थे और मैं विपक्ष में बैठता था। मुझे सत्ता और विपक्ष दोनों जगह का अच्छी तरह से ज्ञान है। अगर दोनों पक्ष यह चाहेंगे कि हमें अपनी गरिमा का ध्यान रखना है तथा नई कन्वैन्शन डालनी हैं तो मैं समझता हूं कि हम कामयाब होंगे। इसलिए सदन के नेता से भी, विपक्ष के नेता से भी तथा मेरे दूसरे साथियों से जो अन्य दलों से या निर्दलीय चुन कर आये हैं, उनसे मेरा अनुरोध है कि लोगों ने किसी विश्वास के साथ चुन कर हमको यहां हाउस में भेजा है। उन्होंने अपना जो मत दिया है, उसको सबको स्वीकार करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, सभी सदस्यों के अधिकारों के रक्षक के रुप में आपको कार्य करना है। सबको अपनी बात रखने का समय देना है इन्हीं शब्दों के साथ मैं फिर से अपनी और अपने दल की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि सदन की गरिमा को बनाए रखने का आपका कोई भी आदेश होगा, उसको हम मानेंगे। धन्यवाद, जयहिन्द जयभारत।

**शिक्षा मंत्री (श्री रामबिलास शर्मा)** : अध्यक्ष महोदय, आप सर्वसम्मति से हरियाणा विधान सभा के माननीय अध्यक्ष के पद पर चुने गये हैं इसके लिए मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूँ। श्री कंवरपाल गुर्जर एक अच्छे इंसान है। यह एक किसान का बेटे हैं। विधान सभा में सन् 2000 से 2005 तक का इनका अनुभव है। मैं श्री अभय सिंह चौटाला को और श्रीमती नैना सिंह चौटाला को बधाई देता हूं और धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने विधान सभा के अध्यक्ष के चुनाव में एक सर्वसम्मति बनाई। मैं श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का और उनकी पार्टी के सभी वरिष्ठ विधायकों का भी

Library Chandigarh

[श्री रामबिलास शर्मा]

धन्यवाद करता हूं क्योंकि आज हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ, जो कि एक नई परम्परा स्थापित हुई है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने अध्यक्ष पद के लिए श्री कंवरपाल जी को सर्वसम्मति से चुनकर और उनका स्वागत करके एक नई परम्परा स्थापित की है। उन्होंने आगे होकर एक पहल की है कि पिछले वर्षों में हरियाणा विधान सभा की सिटिंग्स सबसे कम रही हैं और उन्होंने इस बात पर चिन्ता ही नहीं की बल्कि उन्होंने अध्यक्ष महोदय से गुजारिश भी की है कि विधान सभा की सिटिंग्स बढ़नी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, पहली बार बहुत बड़ी संख्या में विधायक चुनकर आए हैं जिनमें बहनों की संख्या भी काफी है नब्बे में से तेरह हमारी विधायिकाएं विधान सभा में चुनकर आई हैं और आने वाले विधान सभा की सिटिंग्स ज्यादा होंगी और खुलकर चर्चा होगी। हुड्डा साहब ने जो तनाव की बात कही इस विधान सभा में तनाव नहीं होगा क्योंकि हरियाणा की जनता ने इतना जबरदस्त जनादेश दिया है इसमें हुड्डा साहब तनाव नहीं होने देंगे। किरण चौधरी जी हंस रही हैं वह मेरी बात को ताईद कर रही हैं जो तनाव पीछे होते रहे अब नहीं होंगे क्योंकि मुख्यमंत्री जी तनाव मुक्त हैं और हुड्डा साहब ने जो आचार्य कृपलानी जी का उदाहरण दिया है।

**श्री कुलदीप शर्मा :** मुख्यमंत्री जी तनाव मुक्त नहीं हो सकते।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा :** शर्मा जी, आपसे निवेदन है कि आप सदन के नेता को तनाव में मत रखना।

**श्री रामबिलास शर्मा :** इस बात की मैं पूरे सदन को बधाई देता हूं कि आज श्री कंवरपाल जी जैसे इंसान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना है। वह सदन की गरिमा को जानते हैं वह इस सदन के सदस्य रहे हैं वे विधायकों के संरक्षक रहे हैं और इस विधान सभा की गरिमा को अच्छी तरह से जानते हैं। यह हरियाणा प्रदेश आबादी में छोटा हो सकता है परन्तु हरियाणा महाभारत के समय से राजनीति में पहल करने वाला प्रदेश है। दिल्ली के लिए जब मुगलों ने खैबर दर्रा पार किया तो हमने पानीपत में उनके साथ लड़ाई लड़ी। भगवान श्री कृष्ण ने वृन्दावन में लीलाएं की, मथुरा में दरबार लगाया और जब पाप-पुण्य का फैसला करने की बात आई तो कुरूक्षेत्र में आकर खड़े हो गये तो यह हरियाणा प्रदेश संघर्ष की भूमि है। इस बार हरियाणा की जनता जनार्दन को हम सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं कि हरियाणा की जनता जनार्दन ने जो सरकार बनाई वह माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के रुप में एक-एक कदम पर नई पहल कर रही है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपने सारे माननीय विपक्षी नेताओं का और पूरे सदन का धन्यवाद करता हूं कि आज सदन ने कंवरपाल जी जैसा स्पीकर विधान सभा के लिए चुना । मुझे उम्मीद है और मैं यह जानता हूं कि आने वाले दिनों में कंवरपाल जी की ऐज ए स्पीकर जो परफौरमैंस होगी, वह लाजवाब होगी। मैं इनको एक बार फिर से बधाई देता हूं। स्पीकर, सर, इसी तरह से चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी के साथ-साथ इस महान सदन की अध्यक्ष दीर्घा में तथा दर्शक दीर्घा में बहुत से और भी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हैं। इनमें हमारे साथी भूतपूर्व विधायक चौधरी रणसिंह मान जी, विधान सभा के भूतपूर्व डिप्टी स्पीकर रहे चौधरी कुलबीर मलिक जी तथा भूतपूर्व विधायक श्री रोशन लाल जी आर्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त हमारे पत्रकार बंधुओं की उपस्थित भी बराबर देखी जा सकती है। पन्द्रह वर्ष के बाद विधान सभा का यह जलवा देखने को मिला है। (विघ्न एवं हंसी)

**श्री कुलदीप शर्मा** : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उन्हें घुमा-फिराकर बात नहीं करनी चाहिए। अन्य लोगों की बात सदन में न करके उन्हें बताना चाहिए कि वे स्वयं पन्द्रह वर्ष की एक लंबी अवधि के बाद विधान सभा का सदस्य चुनकर इस सदन में आये हैं। (विघ्न एवं हंसी)

**श्री रामबिलास शर्मा** : स्पीकर सर, मेरे माननीय साथी श्री कुलदीप शर्मा जी बिल्कुल ठीक फरमा रहे हैं कि मैं पन्द्रह वर्ष की एक लंबी अवधि के बाद विधान सभा का सदस्य चुनकर इस सदन में आया हूं लेकिन इसके साथ ही साथ में उनकी जानकारी के लिए यह भी अवश्य बता देना चाहूंगा कि पहले भी मैं बीस वर्ष तक इस महान सदन का सदस्य रह चुका हूं। विपक्ष के लाख विरोध के बावजूद पन्द्रह वर्ष की एक लंबी अवधि के बाद जनता जनार्दन की कृपा से मुझे एक बार फिर से इस महान सदन का सदस्य बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। (इस समय मेजें थपथपाई गई।) स्पीकर सर, मैं दोबारा से फिर विषय पर आता हूं और आपको एक बार फिर से इस महान सदन का अध्यक्ष चुने जाने पर पुनः बधाई देता हूं आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। (इस समय मेजें थपथपाई गई)

**श्री कर्ण सिंह दलाल (पलवल)** : अध्यक्ष महोदय, सदन के माननीय सदस्यों ने, माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने, श्री रामबिलास शर्मा जी ने, नेता विपक्ष तथा श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी ने जिस प्रकार से आपको निर्विरोध विधान सभा अध्यक्ष के पद पर विराजमान किया है उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। आज माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने सदन की कार्यवाही के दिनों में लगातार होती जा रही कमी की तरफ सबका ध्यान आकर्षित किया। सदन की कार्यवाही के दिनों में लगातार होती जा रही घटौतरी एक गलत परम्परा का रुप धारण करती जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसकी तरफ से ध्यान दिया इसके लिए मैं उनका स्वागत करता हूं। अगर सरकार वास्तव में चाहती है कि जनप्रतिनिधि लोगों की समस्याओं को इस महान सदन में उठाकर उनका हल निकालें तो मैं समझता हूं कि यह सरकार के बड़े दिल को ही प्रदर्शित करेगा और जिसका स्वागत किया भी जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, आप स्वयं भी इस महान सदन के सदस्य रह चुके हैं और वर्तमान में भी हैं तो निःसंदेह आप सदन की कार्यप्रणाली से नजदीक से परिचित भी होंगे। मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों से एक निवेदन जरुर करना चाहूंगा। अभी माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं माना भी है कि बहुत से सदस्य विधान सभा में पहली बार चुनकर आते हैं। वे प्रदेश के कई महत्वपूर्ण मुद्दों से अनभिज्ञ होते हैं। जब सदन की कार्यवाही चलती है तो प्रदेश के मुद्दों पर सरकार तथा विपक्ष का अलग-अलग दृष्टिकोण देखकर नव-निर्वाचित सदस्य मुद्दों की वास्तविकता नहीं जान पाते हैं। प्रदेश के कई ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं जिन पर ज्यादा चर्चा करने की जरुरत होती है लेकिन हो नहीं पाती है। अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रदेश में एस.वाई.एल. कैनाल, नया हाई कोर्ट बनाना, राजीव लौंगोवाल समझौता (accord) या फिर इराडी ट्रिब्यूनल आदि अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर चर्चा करने की ज्यादा जरुरत है। राजीव लौंगोवाल समझौता कितना महत्वपूर्ण मुद्दा है लेकिन प्रदेश के लोगों को आज तक इस समझौते की वास्तविक स्थिति के बारे में पता ही नहीं है। हरियाणा प्रदेश में इराडी ट्रिब्यूनल बनाया गया है जिसमें इराडी साहब ट्रिब्यूनल की अध्यक्षता कर रहे हैं लेकिन हरियाणा प्रदेश के प्रदेश के लोगों को इस बात का पता ही नहीं है कि इराडी साहब जीवित हैं या नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से प्रदेश के पानी के बटवारे से संबंधित

[श्री कर्ण सिंह दलाल]

केसिज सुप्रिम कोर्ट में लंबित पड़े हुए हैं। जहां प्रदेश की नहरों मे पानी होना चाहिए था वहां ऐसे अनेक कारण रहे हैं जिनकी वजह से ऐसा संभव नहीं हो पाया है। अध्यक्ष महोदय, आपके इलाके में, मेरे पलवल इलाके में, मेवात, नारनौल व रिवाड़ी में किसानों को पानी की बहुत ज्यादा समस्या बनी रहती है। जब यह मुद्दे अस्तिव में आये थे उस समय पंजाब और हरियाणा के हालात अलग हुआ करते थे लेकिन वर्तमान में भी ये मुद्दे बदस्तूर कायम हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से तथा हरियाणा प्रदेश की सरकार से सादर अनुरोध करूंगा कि जैसाकि अभी सदन में सदन की कार्यवाही का समय बढ़ाने की बात की जा रही है तो यदि यह सदन ठीक समझे तो जितने हमारे प्रदेश के ज्वलंत मुद्दे हैं उन पर हम सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वार्थो से उपर उठकर, अपनी-अपनी राय सदन में रखकर इन ज्वलंत मुद्दों का समाधान निकालना चाहिए। अगर हम नये हालात बना सकें तो मैं समझता हूँ कि हरियाणा के लोगों की इससे बड़ी सेवा कोई और दूसरी नहीं हो सकती है। चण्डीगढ़, पंजाब और हरियाणा दोनों प्रदेशों की संयुक्त रुप से राजधानी है लेकिन पंजाब प्रदेश के मुख्यमंत्री कह देते हैं कि चण्डीगढ़ हमारा है और ऐसी स्थिति में प्रदेश को उसका जवाब देना पड़ता है। सदन को यह बात सोचनी चाहिए कि चण्डीगढ़ हरियाणा प्रदेश के लिए कितना महत्वपूर्ण है? इसके अतिरिक्त यह भी सोचना चाहिए कि क्या किन्हीं हालात में हरियाणा प्रदेश की अपनी स्वयं की राजधानी भी हो सकती है? अध्यक्ष महोदय, जब हरियाणा और पंजाब दो अलग-अलग प्रदेश बने थे, तभी से पानी के बटवारे के लिए अनेक ट्रिब्यूनल्ज बने थे। अगर माननीय मुख्यमंत्री जी उचित समझें तो इस सदन में इन मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। देश के आजाद होने के बाद अलग-अलग सूबों का निर्माण हुआ....(विघ्न)

**श्री ज्ञान चन्द गुप्ता** : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय दलाल साहब को कहना चाहूंगा कि नि:संदेह जो मुद्दे उन्होंने बताये है, वह बहुत महत्वपूर्ण हैं जिन पर गहन विचार-विमर्श करने की जरुरत है। आज सदन में जो सर्वसम्मति से विधान सभा अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ है यदि पहले उस पर बात कर ली जाये तो ज्यादा अच्छा रहेगा बाद में इस तरह के गंभीर मुद्दों पर तफसील से विचार करके ही इनका कोई समाधान निकाला जा सकता है। (विघ्न)

**श्री महिपाल ढांडा** : स्पीकर सर, इन विषयों को ज्यादा ध्यान देकर व चर्चा करके ही सुलझाया जा सकता है। महज बात कह देने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है। (विघ्न)

**श्री घनश्याम दास (यमुनानगर)** : अध्यक्ष महोदय, आप सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये हैं इसलिए मैं आपको बधाई देता हूं। यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। आप एक सरल स्वभाव के, सौम्य और मृदुभाषी व्यक्ति हैं। इसके साथ ही आप एक स्पष्ट वक्ता भी है और लोकतंत्र में आपकी पूरी निष्ठा है। जैसा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने संकेत किया है कि सदन में आधे से अधिक सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर आये है उनको भी बोलने का पूरा मौका दिया जाएगा। उन्होंने सदन की बैठकों की संख्या बढ़ाने के बारे में भी संकेत दिये है, उनकी इस बात से मैं भी पूर्णरुप से सहमत हूं। अध्यक्ष महोदय, आपके नेतृत्व में इस महान सदन के माननीय मुख्य मंत्री महोदय और सभी माननीय सदस्य इस लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नई प्रथाएँ स्थापित करेंगें और निश्चित रुप से हरियाणा प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं मजबूत

होगी। मुझे लगता है कि आपकी अध्यक्षता में ये व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत होगी तथा हम आपसे ऐसा स्पष्ट संकेत चाहते हैं। मैं आपको अध्यक्ष बनने पर दोबारा से हार्दिक बधाई देता हूँ और मुझे यह विश्वास भी है कि आपके नेतृत्व में नये सदस्यों को बोलने और चर्चा करने का समुचित अवसर मिलेगा और सारे सदस्य मिलकर हरियाणा प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अध्यक्ष महोदय, आज मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि सदन में जो वातावरण बना हुआ है इस बारे में मैं सभी सदस्यों से अपेक्षा रखता हूँ कि जब भी सदन की कार्यवाही शुरू हो तो ऐसा ही वातावरण बनाये रखेंगे और खास करके मैं वरिष्ठ सदस्यों से यह अनुरोध करना चाहूँगा कि ऐसा ही वातावरण सदन में बनाये रखने में वे अपना सहयोग देते रहेगें। इससे निश्चित रूप से आपके नेतृत्व में और माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। मैं इन्हीं शब्दों के साथ फिर से आपको हार्दिक बधाई देता हूँ। धन्यवाद।

**श्री जयप्रकाश (कलायत)** : अध्यक्ष महोदय, आप सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये हैं इसके लिए मैं आपको और सारे सदन को मुबारकबाद देता हूँ। जब से विधान सभा बनी है तब से यह प्रथा चल रही है। अध्यक्ष महोदय, सदन की कार्यवाही को सुचारू रुप से चलाने के लिए अध्यक्ष का पद एक गार्जियन का पद होता है। मैं तो आपसे एक ही निवेदन करना चाहूँगा कि हम निर्दलीय उम्मीदवार विधान सभा चुनाव में सब पार्टियों को हराकर आते हैं (हंसी) इसलिए हम आजाद प्रत्याशियों को अपने-अपने हल्के की समस्याओं को उठाने का ज्यादा मौका मिलना चाहिए। मैं यह नहीं कहना चाहता हूँ कि नये सदस्यों को अपने हल्के की समस्याएँ उठाने का मौका नहीं मिलना चाहिए उनको भी अपने हल्के की समस्याएँ उठाने का मौका मिलना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस महान सदन को बताना चाहता हूँ कि मैं लोकसभा का सदस्य भी रह चुका हूँ। हमने सत्ता पक्ष की भूमिका भी निभाई है हमने विपक्ष की लड़ाई भी लड़ी है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूँ कि पूरे भारतवर्ष की विधान सभाओं के मुकाबले में हरियाणा विधान सभा की बैठकें फिर भी सुचारू रुप से चलती रही हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं मानता हूँ कि जो थोड़ी बहुत गड़बड़ियाँ या कमियाँ रही हैं, उन कमियों को आप दूर करने का प्रयास करेंगे। दूसरा मेरा सुझाव यह है कि आप सदन का समय भी जरूर बढ़ायें। अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों हुए सर्वे के मुताबिक यह बात सामने आई थी कि पिछले 20 वर्षों से लोकसभा की बैठकें भी कम हुई हैं। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अभी कहा कि विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा बैठकों की प्रथाएं सदन में शुरु की जायेगी। यह बहुत ही अच्छी बात है इस महान सदन में माननीय सदस्य अपने-अपने हल्के की समस्याएँ उठाएगें तो मैं समझता हूँ कि वह समस्याएँ आसानी से सुलझाई जा सकेंगी। अध्यक्ष महोदय, मुझे विश्वास है कि इस महान सदन में जो भी बातें कही जायेंगी उन्हें पूरा किया जायेगा इसी के साथ मैं पुनः आपको अध्यक्ष पद पर चुने जाने के लिए बधाई देता हूँ और आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

**श्री रणधीर सिंह कापड़ीवास (रिवाड़ी)** : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैंने आपकी शालीनता और कुशलता देखी है इसमें कोई दो राय नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे बोलने की अनुमति लेना चाहता था कि नये सदस्यों को भी बोलने का मौका दें परन्तु दूसरे माननीय सदस्यों से पहले ही आपने मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपको

[श्री रणधीर सिंह कापड़ीवास]

सर्वसम्मति से इस महान सदन में अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूँ। भाई कर्ण सिंह दलाल ने बहुत अच्छे सुझाव दिये हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को एक बात कहना चाहता हूँ कि पहले हरियाणा प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त किया जाये, बाकी दूसरी योजनाएँ तो अपने आप ही शुरु हो जायेंगी उसमें किसी तरह की कोई रुकावट नहीं आयेगी, कोर्ट में जो केस पहले से ही पेंडिंग पड़े हुये हैं, उनको सुलझा लिया जाये। इन योजनाओं को शुरु करने में थोड़ी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप धैर्य और साहस के साथ इन दिक्कतों का सामना करने में सफल होंगे। मैं इन्हीं शब्दों के साथ फिर से आपको हार्दिक बधाई देता हूं। धन्यवाद।

**डॉ. पवन सैनी (लाडवा)** : आज जिस प्रकार से माननीय अध्यक्ष श्री कंवर पाल जी अध्यक्ष पद पर आसीन हुए हैं, सर्वप्रथम मैं उन्हें अपनी तरफ से और अपने दल की तरफ से बहुत-बहुत बधाई और शुभ कामनाएं देता हूं। अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने विधान सभा का सत्र बढ़ाने के साथ-साथ जो सदस्य पहली बार 13वीं विधानसभा में चुनकर आए हैं, उनको सदन में बोलने के लिए ज्यादा समय देने का जो विषय सदन के समक्ष रखा है, उसके लिए मैं उनका बहुत आभार प्रकट करता हूं। अध्यक्ष महोदय, आप माननीय मुख्यमंत्री जी की बातों को संज्ञान में लेकर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बोलने का अवसर देंगे, यही मेरी आपसे आशा है। अध्यक्ष महोदय, मैं एक और बात बताना चाहता हूँ कि मेरे बड़े भाई माननीय सदस्य श्री कर्ण सिंह दलाल ने आज सदन में कुछ ऐसे मुद्दे उछाले हैं। मुझे नहीं लगता कि पिछले 10 वर्षों से सत्ता में रहते हुए भी इन मुद्दों पर कोई कारवाई हुई है। अध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार से आज सदन की शुरुआत हुई थी उस प्रकार से आज का दिन बहुत खुशनुमा होना चाहिए था। आज इस प्रकार के मुद्दों पर चर्चा न करते हुए हमें सिर्फ यह सोचना चाहिए कि किस प्रकार से विधानसभा का सत्र आगे बढ़े तथा सबकी सहमति से अच्छे मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाये, हमें इन बातों पर ध्यान देना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपको सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर बधाई देता हूँ। धन्यवाद।

**महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती कविता जैन)** : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको सर्वसम्मति से हरियाणा विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के द्वारा हाउस का कस्टोडियन चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई देती हूँ। मैं उम्मीद करती हूँ कि जिस आशा और उम्मीद के साथ आपको सभी की भावनाओं और अधिकारों की रक्षा के लिए हाउस का कस्टोडियन चुना गया है आप उन सबकी भावनाओं का आदर करेंगे। मैं भी यह कहना चाहूँगी कि आपके कुशल, साहसी और बहुत ही समझदार नेतृत्व के अन्तर्गत हाउस के सभी माननीय सदस्यगण एक अच्छे आचरण की मिसाल कायम करेंगे। मैं महिला होने के नाते सभी महिला सदस्यगण की पैरवी करना चाहूँगी कि 90 सदस्यों वाली असैम्बली में पहली बार 13 महिला सदस्य चुनकर आई हैं। अध्यक्ष महोदय, मुझे विश्वास है कि आप महिला सदस्यगण को मान-सम्मान देते हुए, सदन में जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए पूरा समय देंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं समझती हूं कि आपके नेतृत्व में विधानसभा का सत्र आगे चलकर नई उंचाइयों पर जायेगा। इन्हीं शब्दों के साथ एक बार फिर से अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर आपको बधाई देती हूं। धन्यवाद।

**श्री मनीष ग्रोवर (रोहतक)** : अध्यक्ष महोदय, आपको निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देता हूं। अध्यक्ष महोदय, आपका सरल स्वभाव रहा है। समाज के प्रति आपकी सेवा भावना इस बात से लगाई जाती है कि आपके पास कोई साधन न होते हुए भी आपने सामान्य नागरिक की तरह बस में सफर करके भारतीय जनता पार्टी और संगठन के लिए समाज में काम किया है। मुझे भी आपके साथ संगठन में काम करने का मौका मिला था। मेरी पार्टी का एक महामंत्री मित्र आज एक उच्च पद पर आसीन हुआ है इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में सदन में बैठकें कम रही है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जैसे माननीय सदस्य श्री कर्ण सिंह दलाल कहते हैं की हरियाणा नम्बर-1 तथा माननीय सदस्य रणधीर सिंह कापड़ीवास जी कहते हैं की पिछले 10 साल से पूरा हरियाणा में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि पूरा हरियाणा भ्रष्टाचार से मुक्त हो, ऐसी चर्चाएं सदन के अन्दर होनी चाहिए तभी हम हरियाणा की ढाई करोड़ जनता को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिला सकते हैं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं पुन: आपको अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देता हूं।

**श्री कर्ण सिंह दलाल** : सर, मैंने तो केवल सुझाव दिये थे कि सभी नये सदस्य जो 13वीं विधानसभा में चुनकर हाउस में आये हैं उनको इन मुद्दों के बारे में पता चल सके, ताकि दलगत राजनीति से उपर उठकर इन मुद्दों पर विचार हो सके।

**सरदार बख्शीश सिंह विर्क (असन्ध)** : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, तुहाडे स्पीकर बने तो असी बहुत ही खुश हां और मैं अपने मुख्यमंत्री दा भी धन्यवाद करदा हां और अपने रामबिलास शर्मा जी दा भी धन्यवाद करदा हां और साढ़े वित्त मंत्री कैप्टन जी दा भी मैं धन्यवाद करदा हां और आज साढ़े पूरे सदन ने सर्वसम्मति दे नाल तुहानू अध्यक्ष पद से चुना है, तुसी एक किसान दे परिवार दे विचो हो । मैं विशेष तौर ते अपने माननीय प्रधानमंत्री जी दां बहुत-बहुत धन्यवाद करदां हां जिन्हांने 1984 दे दंगा विच जेड़े परिवारां नू 5-5 लाख रुपये दे के सम्मानित कित्ता है।

**श्री ज्ञानचंद गुप्ता (पंचकूला)** : सर्वप्रथम मैं आदरणीय कंवरपाल जी को अपनी ओर से हार्दिक मुबारकबाद देता हूं। आपको जिस प्रकार सर्वसम्मति से सदन का अध्यक्ष चुना गया यह इस सदन के लिए बड़ी गौरव की बात है। सदन की शुरुआत अच्छे ढंग से हो, सबकी सहमति से हो और आपस में मिल-जुल करके हो तो मैं समझता हूं कि इससे अच्छी बात कोई और हो नहीं सकती। अध्यक्ष महोदय, हमारे सदन के नेता हमारे मुख्यमंत्री आदरणीय मनोहर लाल खट्टर जी ने जो प्रस्ताव रखा है कि सदन की सिटिंग्स बढ़नी चाहिए तो मैं समझता हूं यह उन्होंने बहुत अच्छी शुरुआत की है। कुछ लोग तो इस बात से इसलिए बचते थे कि हमें बहस के दौरान जवाब देना पड़ेगा लेकिन मुख्यमंत्री जी ने इस प्रकार का जो एक सराहनीय कदम उठाने के लिए कहा है, इसके लिए मैं उनको बधाई देता हूं। दूसरी, मैं आपसे यह प्रार्थना करता हूं कि इस सदन के अन्दर जैसा अभी-अभी ने कहा कि आधे से ज्यादा सदस्य नये चुनकर आए हैं तो उनके लिए आपको कोई न कोई प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखना चाहिए ताकि इस सदन में उन्हें अपने विचार व्यक्त करने आ जाएं, वे अच्छे तरीके से अपनी बात हाउस में कह सकें और सदन ठीक ढंग से चल सके। मैं आपसे यही निवेदन करना चाहता हूं। इन शब्दों के साथ आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री कृष्ण कुमार)** : बहुत ही सम्मानित आदरणीय स्पीकर साहब, सदन के सभी सदस्यगण आपसे बहुत सी अपेक्षाएं कर रहे हैं। अब मैं सदन को एक बात बताना चाहता हूं कि चौधरी कंवर पाल जी के साथ मुझे राजनीति का काफी लम्बा अनुभव रहा है। आदरणीय भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी बोल रहे थे कि हास्य-विनोद सदन के अन्दर तनाव को कम करता है और मेरे लिए बड़े फख्र की बात है। हास्य विनोद का बहुत बड़ा पिटारा हमने स्पीकर बना दिया है।

**श्री अध्यक्ष** : वह अलग बात है कि वो पिटारा यहां बिठाकर बंद कर दिया है।

**श्री कृष्ण कुमार** : आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आप के माध्यम से सदन के सदस्यों को अपना अनुभव बताना चाहता हूँ। कंवरपाल जी पिछली विधानसभा में विधायक भी नहीं थे। जब भी सैशन चलते थे तो सदन की कार्यवाही के बारे में उन्हें पूरी चिंता रहती थी कि किस प्रकार से वर्किंग ऑवर्स कम हो रहे हैं। किस प्रकार से बार-बार विपक्ष को बायकाट करना पड़ रहा है। कंवरपाल जी लगातार इस बात की चिंता करते थे। विधानसभा के सदस्य न होने के बावजूद भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी जो माननीय मुख्यमंत्री हैं, आदरणीय रामबिलास जी जो राजनीति के बहुत लम्बे समय से अनुभवी सदस्य हैं उनसे विधान सभा के बारे में लम्बी चर्चा किया करते थे। सारे सदन ने आप सभी के आर्शीवाद और सहयोग से एक ऐसे डायनमिक व्यक्तित्व को हरियाणा का स्पीकर बनाया है। मैं तो दिल की गहराईयों से पूरे सदन का धन्यवाद करता हूं और निवेदन करना चाहता हूं कि भाई कंवरपाल जी की प्रतिभा का पूरा उपयोग होने दिया जाए। माननीय भूपेन्द्र सिंह हुड्डा कह रहे थे कि Speaker can not speak । लेकिन हम चाहेंगे कि स्पीकर साहब को बोलने का अधिक समय मिले।

**सरदार जसविन्द्र सिंह संधु (पेहवा)** : मैं माननीय अध्यक्ष महोदय आपका आभार व्यक्त करता हूं। वैसे तो हमारे विपक्ष के नेता श्री अभय सिंह चौटाला ने अपनी ओर से और अपने दल की ओर से आपको बधाई दी है। इसके साथ मैं भी अपने आपको जोड़ते हुए यह कहना चाहता हूं कि हमें भी सन् 2000-05 तक इकट्ठे काम करने का मौका मिला था। इसमें कोई दो राय नहीं कि अध्यक्ष महोदय का स्वभाव और इनकी कार्य कुशलता अपने आप में एक बेमिसाल बात है। सदन के नेता मुख्यमंत्री जी ने जो सदन की सिटिंग बढ़ाने की एक नयी परम्परा कायम करने की बात कही है मैं उसके लिए सदन के नेता (मुख्यमंत्री जी) का आभार व्यक्त करता हूं। एक बात भाई बख्शीश सिंह जी ने कही कि 1984 के दंगों में मारे गए लोगों के परिवार के सदस्यों के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने 5-5 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की है। इस बारे में मैं कहना चाहूंगा कि इस बारे में इस शब्द की बजाय यह कहना ज्यादा उचित होगा कि यह राशि देकर उनके जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया गया है। जिन लोगों ने आज से 30 साल पहले गहरे जख्म हमारी कौम को दिये थे। उन जख्मों पर जो मरहम लगाने का काम किया गया है, आज इस बात के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का भी धन्यवाद करता हूं। इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री महोदय ने जो सदन की सिटिंग्स बढ़ाने की बात कही है, उसके बारे में मैं बराय मेहरबानी यह आश्वासन चाहूंगा कि आज की सदन की कार्यवाही उठने से पहले इस बारे में आश्वस्त करें कि सदन की सिटिंग्स बढ़ाने का फैसला ले लिया गया है। आप सबका बहुत-बहुत धन्यवाद एवं अध्यक्ष महोदय आपको बहुत-बहुत बधाई।

**श्री हरविन्द्र कल्याण (घरौंडा)** : अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम तो मैं आपको सर्वसम्मति से इस हाउस का अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। मैंने पिछले सदनों की कार्यवाहियां मीडिया के माध्यम से देखी हैं और यह पाया है कि ज्यादातर सदन की कार्यवाहियां शोर-शराबे की भेंट चढ़ जाती हैं और सरकार का बहुमूल्य समय व धन की बर्बादी होती है। मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय की सदन की सिटिंग्स बढ़ाने की बात का समर्थन करता हूं ताकि सभी सदस्य अपने-अपने इलाके की समस्याओं के बारे में सदन में चर्चा कर सकें। पिछले दिनों जो हरियाणा प्रदेश में स्वच्छ हरियाणा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई है। यह एक बहुत ही अच्छी शुरुआत है। लेकिन इसके साथ ही मैं यह भी गुजारिश करना चाहूंगा कि इस अभियान को प्रदेश में लंबे समय तक चलाया जाए। इसकी अत्यंत आवश्यकता है। इन शब्दों के साथ मैं सदन का ज्यादा समय न लेते हुए आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

**डॉ. कमल गुप्ता (हिसार)** : अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं आपको सर्वसम्मति से इस हाउस का अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। अध्यक्ष महोदय, मुझे यह लगता है कि इस सदन के कुछ सदस्य नये सदस्य शब्द का यूज कर रहे हैं इससे ऐसा लगता है कि ये नये सदस्यों की सामर्थ्य के प्रति आशंकित हैं। जो लोग आशंकित हैं मैं उनको बताना चाहूंगा कि नये लोग पुराने लोगों से अधिक होशियार होते हैं। श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी नये प्रधानमंत्री बने हैं। श्री मनोहर लाल खट्टर जी नये मुख्यमंत्री बने हैं। श्री कंवर पाल गुर्जर जी नये अध्यक्ष बने हैं। इसी तरह से बहुत से नये सदस्य हैं उन नये सदस्यों की तरफ से मैं आश्वस्त करता हूं और कहना चाहता हूं कि बेटा जब बाप के कंधों पर बैठकर देखता है तो उसका विजन बहुत अधिक होता है इसलिए आप आशांकित न हो और निश्चिंत रहे। नये लोग पुराने लोगों से ज्यादा काम करेंगे। धन्यवाद।

**श्री अध्यक्ष** : कभी न कभी सभी नये होते हैं।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा** : अध्यक्ष महोदय, जो बात हमें एक माननीय सदस्य ने कही है मैं उसका जवाब देना चाहूंगा। जब मैं पढ़ा करता था, जब मैं उस क्लास में पढ़ता था जिसमें मुख्यमंत्री जी भी पढ़े हैं। वहां का मैं विद्यार्थी था वहां यूनिवर्सिटी में एक कल्चरल प्रोग्राम था तो मुझे वहां के प्रिंसिपल ने कहा था कि किसी केन्द्र के नेता को यहां इस कार्यक्रम में इन्वाइट करके ले आओ। बाबू जगजीवन राम जी से हमारे संबंध थे। मैं उन्हें इन्वाइट करके लाया था। जब वे वहां आए तब वे काफी वृद्ध थे, बुर्जग थे। जब उनका वहां बोलने का समय आया और वे उठकर चलने लगे थोड़ा सा डगमगा गए। वहां बैठे कुछ विधार्थी, महिलाएं हंसने लगे तो इस पर बाबू जगजीवन राम जी ने कहा कि हंसो, जोर से हंसो लेकिन यह मत भूलो कि यहां पर बैठा हर एक इंसान उस जवानी से गुजारा है जिससे तुम गुजर रहे हो।

**श्री असीम गोयल (अम्बाला शहर)** : अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं आपको सर्वसम्मति से इस हाउस का अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, आज आप इस सदन में जज की भूमिका में है और कस्टोडियन की भूमिका में हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि यहां जो एक नयी परम्परा की शुरुआत हुई है, इस नयी परम्परा की शुरुआत सदन के सदस्यों के द्वारा जो कुछ बातों को लेकर व्यक्तिगत आक्षेप किये गये हैं मैं अपेक्षा करता हूं कि इस तरह के आक्षेप राजनीतिक स्तर पर ले जाए जाते हैं जो इस सदन में नहीं होना चाहिए। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जो माननीय सदस्य शोर-शराबा करते हैं उनको भी आपने नजर में

[श्री असीम गोयल]

रखना चाहिये। एक और निवेदन मैं आपके सामने करना चाहता हूं कि इस सदन में जो आप सबसे अच्छा विधायक चुनते हो उसी प्रकार से नालायक विधायक को भी चुनने की प्रथा यहां पर शुरु करें ताकि इस सदन से नालायकी खत्म हो सके। आपको बहुत-बहुत साधुवाद। धन्यवाद।

**वित्त मंत्री (कैप्टन अभिमन्यु)** : आदरणीय अध्यक्ष जी, आप अध्यक्ष के आसन पर विराजमान हुए हैं इसलिए पहली बार इस सदन का सदस्य होने के नाते मुझे अपार हर्ष है और आपके अध्यक्ष चुने जाने पर मैं व्यक्तिगत तौर पर और हार्दिक तौर पर बड़ा आनन्दित हुआ हूं और बहुत उत्साहित हुआ हूं। मुझे लगता है कि देश की संसदीय परम्परा आज गौरवान्वित हुई हैं। आप जैसे योग्य, कुशल और राष्ट्रवादी विचारधारा का संवाहक व्यक्ति जोकि एक सामान्य परिवार से निकल कर इस सदन में माननीय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए हैं। इसके लिए मैं गौरवान्वित महसूस करता हूं। अध्यक्ष जी, मुझे पूरा विश्वास है कि सदन के नेता ने जिस प्रकार की भावना की अभिव्यक्ति की है कि अतीत की भूलों के बारे में पूरे विश्व में सुविख्यात एक नोबल पुरस्कार विजेता लेखक ने अपनी पुस्तक में शोध के आधार पर हरियाणा प्रदेश की विधान सभा की सिटिंग्स के मामले में पूरे देश में सबसे निचले स्तर पर प्रमाणित किया है। पिछले 15 वर्षों की रिसर्च और शोध के आधार पर उन्होंने अपनी पुस्तक में लिखा है और यह एक दुर्भाग्यपूर्ण इतिहास हमारा रहा है और इस इतिहास को बदलने का संकल्प हमारे सदन के नेता ने अपनी और सरकार की भावना व्यक्त करते हुए कहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सदन हरियाणा प्रदेश के वर्ष 2014 की वर्तमान पीढ़ी की जनभावनाओं का प्रतिबिम्ब हैं। हम सभी 90 के 90 माननीय सदस्य जो यहां पर उपस्थित हैं, हरियाणा प्रदेश के और देश के हितों के मामले में और अनेक बातों पर सकारात्मक विचार करने वाले है। पक्ष और विपक्ष सौहादपूर्ण वातावरण में बातचीत कर सके और विचार कर सके यह जिम्मा निश्चित तौर पर इस आसन पर विराजमान होने के कारण आप पर है। मैं पुन: आपको बहुत-बहुत बधाई देता हुआ इस सदन की तरफ से आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इसी के साथ आज प्रोटम स्पीकर के रुप में डा. रघुबीर सिंह कादियान साहब ने भी एक बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। इस नई विधानसभा के नये सदस्यों को इन्होंने शपथ दिलाने का काम किया है। मैं सदन की तरफ हमारे प्रोटम स्पीकर का भी बहुत आभार व्यक्त करता हूं। आदरणीय हुड्डा साहब को नई भूमिका में देखकर मुझे अलग प्रकार की खुशी हुई है। उन्होंने इतिहास के कई सन्दर्भों का उल्लेख करने का काम किया है। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले पांच वर्षों में इतिहास की अन्य बातों के बारे में भी हुड्डा साहब के माध्यम से सुनने को मिलेगी इससे पहले कि उनकी पार्टी अपने आप में एक इतिहास बने।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा** : अध्यक्ष महोदय, आज इस किस्म की बातें कहने का ऐसा माहोल नहीं हैं वरना बहुत सी इतिहास की बातें सामने आ जायेंगी और आपको उनका जवाब देना पड़ेगा। मैं नहीं चाहता कि उस तरह का माहौल आज यहां पर बने।

**कैप्टन अभिमन्यु** : अध्यक्ष महोदय, यह एक हास्य और व्यंग्य का परीक्षण था इसमें यह देखना था कि कौन कितना पास हो पाता है। आपको पुन: बधाई देता हूं और मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। धन्यवाद।

**श्रीमती किरण चौधरी (तोशाम)** : अध्यक्ष महोदय, आज सर्वसम्मति से आपका चुनाव हुआ है इसके लिए मैं आपको हार्दिक बधाई देती हूं। मुझे दिल्ली और हरियाणा में दो-दो सदनों में काम करने का मौका मिला है। इसलिए मुझे बहुत अच्छा लगा कि आज हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी ने सदन में यह कहा कि सदन में ज्यादा सिटिंग्ज की जायेगी, इसलिए अब ज्यादा ज्वलंत मुद्दे इस सदन में उठाये जायेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इस बात पर पूरी तरह से गौर करेंगे। अध्यक्ष जी, आप एक अम्पायर के रुप में यहां पर बैठें हैं और यह एक बहुत औगस्ट हाउस है और you are sitting on a August Chair और एक निष्पक्षता के साथ हम सभी सदस्यों की बात आपने सुननी है क्योंकि This is the temple of democracy, इस डैमाक्रेसी के टैम्पल में सही तरीके से काम हो। हरियाणा आगे बढ़े और बहुत आगे अपना नाम कमाये। यह सारा दायित्व और जिम्मेवारी आपके ऊपर है। सभी माननीय सदस्य आपके स्वभाव के बारे में यह बात कह रहे हैं। इसके बारे में मैं तो नहीं जानती लेकिन ऐसा सुनने में मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देती हूं और यह आशा करती हूं कि आप आगे अच्छी तरह से इस पद की गरिमा में रहकर काम करेंगे। धन्यवाद।

**श्री अभय सिंह यादव (नांगल चौधरी)** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपको निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने पर बधाई देता हूं। मैं पहली बार इस हाउस का मैम्बर चुनकर आया हूं और मैंने पहली बार ऐज ए मैम्बर इस हाउस की कार्यवाही को अटैंड किया है लेकिन दर्शक दीर्घा से मैंने बैठक की कार्यवाही कई बार देखी है। अध्यक्ष महोदय, हाउस की कार्यवाही के बारे में मेरी फीलिंग रही है कि जब हम बोलते हैं तो हमें और आपको पता नहीं होता कि हम हाउस का समय खराब कर रहे हैं या फिर कोई काम की बात कर रहे हैं लेकिन जो लोग दर्शक दीर्घा, ऑफिसर्ज गैलरी या प्रैस गैलरी में बैठे होते हैं उनको हर बोलने वाले आदमी के बारे में पता होता है कि वह हाउस का समय खराब कर रहा है या फिर कोई जनहित का मुद्दा उठा रहा है। मैं मावलंकर की पुस्तक पढ़ रहा था उसने एक जगह कहा है - "I do not see who speaks and from which chair whether he is from opposition benches or treasury benches whosoever speak in the interest of the nation I will allow him". अध्यक्ष महोदय, मैं कोई टीका टिप्पणी नहीं कर रहा हूं और न ही मैं पीछे की बात कर रहा हूं बल्कि मैं तो यह कह रहा हूं कि जब कोई आदमी ठीक बोल रहा है और उसको बोलने न देने के लिए कोई दूसरा कट कर रहा है तो इसका मतलब यह है कि वह दूसरा पर्टीकुलर मुद्दे को शांत करने के लिए बोल रहा है या टाइम खराब करने के लिए बोल रहा है। people notice it and even the Member who speaks and those listen to him they also notice it. अध्यक्ष महोदय, यहां पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों बैठे हैं और सभी यहां अपनी-अपनी बात कहने के लिए आए हैं। मेरा विपक्ष से निवेदन है कि वे सिर्फ सरकार की खामियां निकालने के लिए न बोलें बल्कि सरकार को उचित काम करने का मौका दें। अगर विपक्ष सकारत्मक सुझाव लेकर आएगा तो यह जनहित के लिए ज्यादा अच्छा होगा। अध्यक्ष महोदय, मैं नया मैम्बर हूं इसलिए इस वक्त मैं ज्यादा नही बोलना चाहता। अध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने के लिए और बहुत मौके मिलेंगें इसलिए आपकी बहुत मेहरबानी के आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

**श्री महीपाल ढांडा (पानीपत ग्रामीण)** : अध्यक्ष महोदय, हरियाणा की विधान सभा हरियाणा की राजनीति का और हरियाणा के विकास का केन्द्रबिन्दु है और इस केन्द्रबिन्दु में हम जितने भी

[श्री महीपाल ढांडा]

विधायक आए हैं वे सब आपको सम्बोधित करते हुए अपनी बात बोलेंगें। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि आप सभी विधायकों को पूरा समय देंगें और अच्छे मुद्दे, अच्छी बात और अच्छे इशूज यहां पर उठें उसके लिए मैं तमाम विधायकगणों से निवेदन करूंगा। आप सर्वसम्मति से इस विधानसभा के माननीय अध्यक्ष बने, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं और आपका स्वागत करता हूं। हमें पूरा विश्वास है कि आप इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।

**कृषि मंत्री (श्री ओ.पी. धनखड़)** : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने पर मैं आपको और सदन को बधाई देता हूं। अध्यक्ष महोदय, आपके बहुत से गुणों को आपके साथ काम करते हुए हमने महसूस किया है। सत्यंवद और प्रियंवद वाली बात आप पर खरी उतरती है। आप कोई भी बात इतनी विनम्रता से कहते हैं कि संगठन में साथ रहते हुए किसी को वह बात अखरती नहीं होगी। अध्यक्ष महोदय, आपमें एक और खूबी है कि वातावरण कोई भी हो, आप सही बात को समझते भी हैं और उसी सही बात को बेबाकी से कहने का सामर्थ्य भी हमने साथ काम करते हुए आपमें देखा है। अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है कि आपको नियति ने एक और मौका दिया है कि आप इन गुणों के कारण निष्पक्षता की कुर्सी पर बैठे हैं। अध्यक्ष महोदय, हम यहां पक्ष की भी बात करेंगे और प्रतिपक्ष की भी बात करेंगे। मेरे से पूर्व कुछ वक्ताओं ने कहा कि जो हरियाणा के हित के विषय हैं उन पर श्रेष्ठ चर्चाएं यहां होंगी। आने वाला वर्ष जो है वह हरियाणा का स्वर्ण जयंती वर्ष है और उस वर्ष तक जाते-जाते कैसे हम स्वर्णिम हरियाणा की तरफ बढ़ें और उस रास्ते पर हरियाणा को बढ़ाने के लिए मुझे लगता है कि पूरा सदन मदद करेगा। ऐसी चर्चाएं हम यहां करें ताकि जो पिछले सवाल खड़े थे उनका समाधान हो सके। जैसे कर्ण सिंह दलाल जी ने कहा कि जो खड़े सवाल हम छोड़कर गए थे वे खड़े के खड़े रह गए। उन खड़े सवालों का उनको दर्द है कि इतने वर्षों में उन सवालों का समाधान नहीं हो पाया। उन सवालों का समाधान और हरियाणा को और आगे ले जाने का यह सदन काम करेगा। अध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार से आपका अनुभव है, इससे पूर्व आप ग्रामीण पृष्ठभूमि के निर्वाचन क्षेत्र छछरौली से चुनकर आए थे और अब शहरी पृष्ठभूमि के हल्के जगाधरी से चुनकर आए हैं। अध्यक्ष महोदय, संयोग से परमात्मा ने आपको ऐसा मौका दिया है जिसकी वजह से आप गांव की समस्या भी समझते हो क्योंकि आप किसानों की समस्याओं के बारे में मेरे से भी बार-बार चर्चा करते थे और उनके मुद्दों को हल करवाने की पूरी-पूरी कोशिश करते थे। अब आपके हल्के में जगाधरी भी जुड़ गया है इसलिए अब आपको शहरी समस्याओं के बारे में भी पूरा ज्ञान है। इस तरह से हमारे अध्यक्ष महोदय गांवों और शहरों की समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी रखते हैं और आपकी अध्यक्षता में हम प्रदेश से जुड़ी समस्याओं पर यहां चर्चा को आगे बढ़ायेंगे तथा उनके समाधान भी निकलेंगे। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी और सदन के सभी माननीय सदस्यों को बधाई देता हूं कि उन्होंने बहुत ही साधारण प्रवृत्ति के व्यक्ति को अध्यक्ष पद के लिए चुना है। हमारे नव निर्वाचित अध्यक्ष महोदय बहुत ही सीमित साधनों के बल पर राजनीति में उपस्थित हैं और आज अध्यक्ष के पद पर पहुंचे हैं इसके लिए मैं हरियाणा की समस्त राजनीति को भी इस विषय के लिए बधाई देता हूं। धन्यवाद।

**श्री अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, मैं आप सब का हार्दिक आभारी हूँ कि आपने मुझे इस

महान सदन के अध्यक्ष जैसे सम्मानित, गरिमामय और उत्तरदायी उच्च पद पर प्रतिष्ठित किया है। आप द्वारा दिए गए इस सम्मान को मैं नम्रता और कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी और आप सब का आभार प्रकट करता हूँ। इस अवसर पर मेरी परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि वह मुझे अपने कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व को विधिसंगत और न्यायसंगत रुप से निभाने की क्षमता और शक्ति प्रदान करे। मैं इस सदन के माननीय सदस्यों से भी यह अपेक्षा करता हूँ कि इस महान सदन की गरिमा बनाए रखने हेतु मुझे आपका सकारात्मक सहयोग एवं रचनात्मक मार्गदर्शन मिलता रहेगा. परमात्मा के आर्शीवाद और आप सबके सहयोग से मैं इस पद पर रहे पूर्व प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा स्थापित उच्च एवं गौरवशाली परम्पराओं को बनाए रखने का भरसक प्रयास करूंगा।

माननीय सदस्यगण, आप सब इस तथ्य से भली-भांति परिचित हैं कि अनुशासन प्रजातंत्र का स्तम्भ है। अत: माननीय सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि आप संवैधानिक परम्पराओं को दृष्टिगत रखते हुए अपने अधिकारों का प्रयोग विधिवत, संयम और धैर्य से करेंगे। सभ्य भाषा एवं तथ्यों पर आधारित आपके तर्कसंगत विचार हरियाणा राज्य के हित के लिए होंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

अंत में, मैं सदन को विश्वास दिलाता हूँ कि मैं सभी माननीय सदस्यों को हरियाणा राज्य के हित विशेषतया उनके मतदाताओं से संबंधित महत्वपूर्ण लोक हित के मामले उठाने का अवसर देने हेतु प्रयासरत रहूँगा। मुझे आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास है कि आप सभी माननीय सदस्य इस महान सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए मुझे अपना पूर्ण सहयोग देकर कृतार्थ करेंगे।

इस उच्च पद के माध्यम से हरियाणा की जनता के हितों की सेवा करने का जो अवसर आपने मुझे प्रदान किया है उसके लिए मैं पुन: आप सभी का आभारी हूँ।

**उपाध्यक्ष के चुनाव के सम्बन्धी घोषणा**

**श्री अध्यक्ष :** हरियाणा विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम 10(i) मुताबिक मैं बतौर अध्यक्ष, हरियाणा विधान सभा, बताना चाहता हूं कि डिप्टी स्पीकर के चुनाव से संबंधित तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

**श्री अध्यक्ष :** अब सभा कल दिनांक 4 नवम्बर, 2014 प्रात: 10:30 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

*16.53 बजे (तत्पश्चात् सदन मंगलवार, 4 नवम्बर, 2014, को प्रात: 10:30 बजे तक के लिए *स्थगित हुआ।)

---

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY Chandigarh